कार्यालय जिला कलक्टर, भरतपुर

अपील / आरटीआई / 98 / 2023

श्री राजेश शर्मा पुत्र स्व0 श्री भगवती प्रसाद शर्मा, सी–26, सुभाष नगर, भरतपुर

.....अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, डीग जिला भरतपुर

...रेस्पो0

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

आदेश **दिनांक 19.7.2023**

अपीलार्थी श्री राजेश शर्मा पुत्र स्व0 श्री भगवती प्रसाद शर्मा, सी–26, सुभाष नगर, भरतपुर की यह अपील सूचना का अधिकार का अधिनियम के तहत इस आश्य की प्राप्त हुई है कि अपीलार्थी ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जरिये प्रार्थना पत्र दिनांक 27–04–2023 के द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी,डीग से सूचना चाही थी। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी,डीग द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नही कराये जाने के कारण यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। इस कार्यालय के पत्र कमांक / कोर्ट / 410 दिनांक 23.6.2023 के द्वारा अपील की प्रति भेजते हुये लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी,डीग से अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने वावत रिपोर्ट तलव की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी,डीग से जवाव पत्र कमांक/आरटीआई/23/2681 दिनांक 5.7.2023 प्राप्त हुआ जो शामिल पत्रावली किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी ने अपने आर.टी.आई. प्रार्थना पत्र दिनांक 27.4.2023 के द्वारा रिकार्ड का निरीक्षण करने के लिये उपखण्ड अधिकारी डीग पेश किया गया था, अपीलान्ट का अपील में कथन है कि लोक सूचना अधिकारी ने चाहे गये दस्तावेजों का अवलोकन नहीं करने दिया गया तथा भ्रामक एवं गलत सूचना प्रदान की गई है। इस सम्वन्ध में लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, डीग ने अपने पत्र जवाव दिनांक 5.7.2023 में अंकित किया है कि अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा चयनित दिनांक 29.5.2023 को कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेजों/अभिलेखों का अवलोकन किया जा चुका है।

........2

अपील / आरटीआई / 29 / 2023
अजय चन्द बनाम तहसीलदार कुम्हेर

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी डीग के जवाब से स्पष्ट है कि अपीलान्ट को सूचना दी जा चुकी है तथा रिकार्ड का अवलोकन कराया जाचुकी है। अस्तु अपील खारिज की जाती है। आदेश की प्रति लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, डीग को प्रेषित हो एवं अपीलार्थी को (उपखण्ड अधिकारी,डीग से प्राप्त पत्रादि की फोटो प्रति सलंग्न) कर प्रेषित की जावे। इस आदेश से सन्तुष्ट ना होने पर अपील राजस्थान सूचना आयोग,जवाहर लाल नेहरु मार्ग जयपुर में की जा सकती है।

(लोक बंधु)
जिला कलक्टर,
भरतपुर